समाचार

हमीदिया गर्ल्स डिग्री कालेज, प्रयागराज में दिनाकं 24.07.2023 को आईक्यूएसी द्वारा इंडक्शन प्रोग्राम ''आग़ाज़'' 2023–24 का आयोजन बेगम खुर्शीद ख्वाजा हॉल में 11:00 बजें प्रातः किया गया। इसके मुख्य अतिथि प्रो0 आनन्द कुमार श्रीवास्तव, पूर्व प्राचार्य, सी0एम0पी0 डिग्री कालेज, कॉलेज कन्सोलिडेशन कमेटी, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के अध्यक्ष थे। विशिष्ट अतिथि प्रो0 एन0 बी0 सिंह, पूर्व प्रोफेसर, वनस्पति विज्ञान विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय थें। डा0 राजेश कुमार गर्ग, कार्यक्रम समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना इलाहाबाद विश्वविद्यालय एवं श्री मो0 फरहानउल्ला, असिस्टेन्ट मैनेजर, हमीदिया गर्ल्स डिग्री कालेज विशेष अतिथि थें।

मुख्य अतिथि प्रो0 आनन्द कुमार श्रीवास्तव, ने छात्राओं को अभिप्रेरित किया और इस बात पर बल दिया कि शिक्षा का मुख्य उद्देश्य अच्छे नागरिक बनाना है। उन्होंने शिक्षानिति 2020 का उदहारण देते हुए कहा कि इस पॉलिसी में हर बिन्दु नया है। उन्होंने छात्राओं से यह कहा कि उन्हें अपने ज्ञान को व्यवाहर और आचरण में लाना चाहिए तथा व्यकित्तव निमार्ण में महाविद्यालय के योगदान को याद रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि सफलता को अधिक महत्व न दे कर अर्थयुक्त बिन्दुओं पर ध्यान दे।

प्रो0 एन0 बी0 सिंह, हरियाली गुरू ने अपने वक्तव्य में छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक किया। उन्होंने वृक्ष लगाने पर बल दिया और उनका संरक्षण करने, बिजली बचाने, प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए कहा। केवल विकास के लिए प्रकृति को प्रदुषित न करें। इस अवसर पर महाविद्यालय में अतिथियों के द्वारा पौधारोपण भी किया गया। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे एक प्रदुषणमुक्त समाज बनायें।

कार्यक्रम समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना, डा0 राजेश कुमार गर्ग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमें अच्छे आन्दोलनों जैसे पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ रखने में योगदान, समाज को प्लास्टिक मुक्त बनाना तथा वह पुस्तकें जो हमारे उपयोग की नहीं हैं किन्तु जिन छात्रों के लिए उपयोगी है उन तक अवशय पहुंचाने का संकल्प लें।

असिस्टेन्ट मैनेजर, हमीदिया गर्ल्स डिग्री कालेज, श्री मो0 फरहानउल्ला ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि उन्हें अपनी प्रस्तुति एवं आचरण को अच्छा करना चाहिए। व्यक्तिव में भी सभी गुण विकसित करना चाहिए। इस सम्बन्ध में उन्होंने सुझाव भी दिये। महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्या प्रो0 युसूफा नफीस ने छात्राओं को अभिप्रेरित किया तथा उन्हे सदैव सकारात्मक रहने को कहा।

इससे पहले महाविद्यालय की प्रचार्या प्रो0 नासेहा उस्मानी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कालेज के बढ़ते हुए कदम् पर प्रकाश डाला तथा महाविद्यालय में चल रहें वोकेशनल कोर्सेस के बारे में भी बताया। इस अवसर पर सर्टीफिकेट का भी वितरण किया गया। इसमें डा0 नुदरत महमूद, एसोसियऐट प्रोफेसर, अरबी विभाग एवं डा0 सबीहा आज़मी, एसोसियऐट प्रोफेसर, अंग्रेजी विभाग एवं समन्यवयक आईक्यूएसी, हमीदिया गर्ल्स डिग्री कालेज ने सहयोग किया।

डा0 ज़रीना बेगम, एसोसियऐट प्रोफेसर, उर्दू विभाग ने धन्यवाद ज्ञापित किया। डा0 इरम फरीद उस्मानी, एसोसियऐट प्रोफेसर, समाजशास्त्र विभाग ने कार्यक्रम का संचालन किया। राष्ट्र गान के साथ कार्यक्रम समपन्न हुआ।